आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को दी मंजूरी, एथेनॉल खरीद के मूल्य में संशोधन को भी दी स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री की जापान में निवेशकों के बैठक जारी, प्रवासी भारतीयों को भी किया संबोधित।
- मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में हुआ अमृत स्नान।
- ब्रिटिंग द रिट्रिट के साथ गणतंत्र दिवस का हुआ समापन।

## कैबिनेट निर्णय

केंद्र सरकार ने 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। हरित प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन देने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया गया है। आज नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में बताते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अर्थव्यवस्था-विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों बहुत उपयोगी है।

सरकार ने गन्ना फीडस्टॉक से इथेनॉल खरीद के मूल्य की भी मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इथेनॉल मिश्रण से देश की अर्थव्यवस्था में भी मदद मिली है और एक लाख तेरह हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम से किसानों को भी लाभ हुआ है और पिछले वित्तीय वर्ष में किसानों को इसके लिए चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

## जापान मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जापान के टोक्यो में ब्रिजस्टोन मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने ब्रिजस्टोन कॉर्पोरेशन के ग्लोबल सीईओ शुइची इशिबारी के साथ प्रदेश में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने जापान

एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (JETRO) के अध्यक्ष सुसुमु काताओका और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में जेट्रो के 5 कार्यालय हैं, लेकिन मध्यप्रदेश में इसका कोई कार्यालय नहीं है। उन्होंने जेट्रो को राज्य में एक कार्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शोहई हारा से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने जापान के विदेश मंत्रालय के संसदीय उप मंत्री हिसाशी मत्सुमोतो से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जापान में बसे भारतीयों से अपनी जड़ों से जुड़कर देश को आगे बढ़ाने को कहा।

बाईट– मुख्यमंत्री

पेंशन केवायसी

सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के ई-केवाइसी प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। इसके तहत ऐसे हितग्राही जिनके बायोमेट्रिक प्रक्रिया में फिंगर प्रिंट नहीं आ पा रहे है उनका आइरिस ऑथेंटिकेशन कराया जायगा। चलने में असमर्थ हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराकर पेंशन जारी रखी जाएगी। मंत्री श्री कुशवाह ने निर्देश दिये है कि पेंशन हितग्राहियों का ई-केवाइसी का कार्य 15 फरवरी तक शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाये। इस संबंध में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने कलेक्टर्स ओर विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 49 लाख 84 हजार पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाइसी किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों के ई-केवायसी की प्रक्रिया जारी है।

महाकुंभ-अखाड़ा

प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के साधु-संतों ने आज त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान किया। इस अवसर पर संत-समुदाय पर पुष्पवर्षा की गई। इससे पहले, संगम घाट पर हुई घटना के कारण अखाड़ों का स्नान अनुष्ठान स्थगित कर दिया गया था। महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान में लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। विश्व का सर्वाधिक विशाल

धार्मिक आयोजन महाकुंभ मेला 13 जनवरी को शुरू हुआ और अब तक लगभग 25 करोड़ श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

रेलवे प्रशासन ने आज 190 विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि स्नान करने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने घर लौटने के लिए रेलवे स्टेशन की ओर आ रहे हैं।

महाकुंभ अमृत स्नान

प्रयागराज महाकुंभ में कल रात एक से दो बजे के बीच अखाडा मार्ग पर अवरोध पार करते समय अनेक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयागराज के महाकुंभ की स्थिति की लगातार जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने स्थिति की जानकारी लेने के लिए उनसे कई बार बात की है। श्री योगी ने कहा घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है।

मौनी अमावस्या

जेपीसी-वक्फ

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति ने आज मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में 31 सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति ने विधेयक से संबंधित 14 खंडों पर संशोधन को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले छह महीनों में विधेयक पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ है।

वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 का उद्देश्य देश भर में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और विनियमन में सुधार करना है।

## केन्द्रीय बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन अगले महीने की पहली तारीख को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करने की तैयारी कर रही है। विशेषज्ञों और आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार आगामी बजट में सरकार देश में सुदृढ़ ढांचा बनाने पर बल देते हुए विकास, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। भोपाल में वरिष्ठ पत्रकार रंजन श्रीवास्तव ने कहा है कि इस बार के बजट में आयकर में राहत मिलना चाहिए। जिससे लोगों के हाथ में पैसा बचेगा और व्यापार बढ़ेगा..

## बीटिंग द रिट्रीट

भोपाल के लाल परेड मैदान में आज 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह का समापन हो गया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल, डीजीपी कैलाश मकवाना मौजूद रहे। कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने देश भक्ति तरानों की धुन बजाकर माहौल को भक्ति मय कर दिया। कार्यक्रम में आकर्षक आतिशबाजी भी की गई जो मौजूद लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

## टीबी मुक्त भारत अभियान

मंदसौर में सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की आज समीक्षा की। जिला अस्पताल मंदसौर में एक बैठक में सांसद श्री गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों के साथ अभियान का जायजा लिया। समीक्षा बैठक में जिले में चल रहे अभियान में 24 मार्च 2025 तक दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सांसद को टीबी बैच लगाते हुए जन जागरूकता का कार्य भी किया गया।

## संक्षेप

- शिवपुरी में 31 जनवरी से 9 फरवरी तक स्वदेशी मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में 160 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे।

- देवास जिले में जिला स्तरीय आनंद उत्सव 31 जनवरी को तुकोजीराव पवार स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा ।
- झाबुआ की ग्राम पंचायत ढेकल छोटी में आज साइबर अपराधों से बचाव और विधिक अधिकारों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता ओर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा जिले मे 'युवा संगम' कार्यक्रम 07, फरवरी को शासकीय महाविद्यालय नलखेडा में आयोजित होगा।
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मंदसौर के मल्हारगढ़ में 14 फरवरी को पंचायत परिसर मे सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- सीहोर जिले में एनआरएलएम द्वारा 2597 स्व–सहायता समूहों को 70 करोड़ 79 लाख रुपये की राशि का बैंक लिंकेज कराया गया।

.............................................